सब का मालिक एक है

सब का मालिक एक है ये कहते तुम साई,
मेरे मालिक तुम ही हो दिल में तुम्ही साई,
सब का मालिक एक है

भक्ति तो है एक सामान निर्मल मन और ध्यान,
तुमने दिया है साई नाथ मुझको अन्तर्याम,
इस ज्ञान से मैं तुम्हे जान सका हु साई,
मेरे मालिक तुम्ही हो दिल में तुम्ही हो साई,

तेरे मेरे की रट तुमसे भुला मैं तो साई,
हर प्राणी से प्रीत करना सीख गया मैं साई,
इस दिल में श्रद्धा हो उसके मालिक साई,
मेरे मालिक तुम्ही हो दिल में तुम्ही हो साई,

आया तेरी शरण में साई लेकर पूरी आस,
प्यासा आता जैसे की सदा कुए के पास
तेरा नाम लेकर ही चैन मिलता साई,
मेरे मालिक तुम्ही हो दिल में तुम्ही हो साई,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/5003/title/sabka-malik-ek-hai-ye-kehte-tum-sai-mere-malik-tum-hi-ho-dil-me-tumhi-sai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |